www.lnmuonline.com

LNMU Question Paper BA Part-2 - 2014

Psychology (Hons.) Paper-III

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें जिसमें प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

1. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(a) डी० एस० एम०-IV के अनुसार कौन सी दुर्भीति 60 प्रतिशत दुर्भीति के रोगियों में पाया जाता है?

(i) एगरो दुर्भीति (ii) क्लाउस्ट्रो दुर्भीति

(iii) सामाजिक दुर्भीति (iv) विशिष्ट दुर्भिति

(b) आँधी, बिजली कौंधने से अयुक्तिसंगत डर को कहा जाता है :

(i) एक्रोफोबिया (ii) एल्गोफोबिया (iii) एग्रोफोबिया (iv) एस्ट्रोफोबिया

(c) निम्नलिखित में से किसने उत्साह-विषाद मनोविकृति पद का प्रयोग किया?

(i) फ्रायड ने (ii) क्रेपलिन ने (iii) एडलर ने (iv) ब्राउन ने

(d) विभिन्न प्रकार के व्यामोह एवं विभ्रम की प्रधानता पायी जाती है :

(i) कैटेटोनिक मनोविद्लता में (ii) स्थिर व्यामोह मनोविदलता में

(iii) हेबाफ्रेनिक मनोविदलता में (iv) मनोभावात्मक मनोविदलता में

(e) किस प्रकार के विभ्रम में रोगी अपने आप को छोटे बच्चों से घिरा हुआ पाता है?

(i) छोटा विभ्रम (ii) ऋणात्मक विभ्रम (iii) धनात्मक विभ्रम (iv) लिलिपुटियन विभ्रम

(f) निम्नलिखित में से कौन पद बेमेल है?

(i) युक्तिकरण (ii) रूपान्तरण (iii) क्षतिपूर्ति (iv) प्रक्षेपण

(g) आत्मविस्मृति एक प्रमुख लक्षण है—

(i) रूपान्तरण उन्माद का (ii) विषादी स्नायुविकृति का

(iii) बुलिमिया का (iv) क्लेप्टोमैनिया

(h) मनोविक्षिप्तता का प्रमुख लक्षण है :

(i) संवेगात्मक प्रतिक्रिया (ii) वास्तविकता से विमुखता

(iii) बौद्धिक ह्रास (iv) निषेधात्मकता

(i) निम्नलिखित में से कौन दुश्चिंता विकृति नहीं है?

(i) डिसोसियेटिव फ्यूज (ii) विशिष्ट दुर्भीति

(iii) उत्तर आघातीय प्रतिबल विकृति (iv) मनोग्रस्ति-बाध्यता विकृति

(j) निम्नलिखित में से कौन प्रक्षेपण विधि नहीं है?

(i) एम० एम० पी० आई० (ii) आर० टी

(iii) टी० ए० टी० (iv) पी० एफ० टी०

2. मानसिक बीमारियों के कुछ मुख्य लक्षणों की व्याख्या करें।
3. नैदानिक साक्षात्कार का मूल्यांकन की एक प्रविधि के रूप में वर्णन करें।
4. मनोग्रस्तता-बाध्यता विकृति के लक्षणों एवं कारणों की विवेचना करें।
5. रूपान्तर उन्माद के लक्षणों तथा कारणों का वर्णन करें।
6. मनोदशा विकृति से आप क्या समझते हैं? इसके उपचार की विधियों का वर्णन करें।
7. मनोविदलता के कारणों का वर्णन करें।
8. मनोविकारी व्यक्तित्व के कारणों की व्याख्या करें।
9. तनाव के सामाजिक-मनोवैज्ञानिक संलक्षण पर प्रकाश डालें।
10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें :

(a) व्यामोह विकृति (b) मनोविदलता के प्रकार

(c) मनोविच्छेदी विकृतियाँ (d) डी० एस० एम०-IV

www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com
www.lnmuonline.com